web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 24 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-29

## संतरागाछी रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, दो की मौत

हावड़ा (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा से 10 किलोमीटर दूर स्थित संतरागाछी रेलवे स्टेशन पर भगदड़ होने से 12 लोगों के घायल होने और दो लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार शाम लगभग 6 बजे रेलवे स्टेशन के एक फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ ज्यादा होने के चलते भगदड़ मच जाने से यह हादसा हुआ।

बताया गया कि एक साथ कई ट्रेनों के आने से अचानक फुट ओवरब्रिज पर भीड़ बढ़ गई और स्थिति काबू से बाहर हो गई है। घबराहट में लोग इधर-उधर भागने लगे, जिससे भगदड़ मच गई। भगदड़ के कारण 14 लोग घायल भी हो गए, जिसमें से बाद में दो लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद ही छोड़ दिया गया था और अन्य लोगों को हावड़ा जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।




घटना की खबर सुनते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान भी कर दिया है।

**एकसाथ कई ट्रेनों के आने से बढ़ी भीड़**

दक्षिण पूर्व रेलवे के प्रवक्ता संजय घोष ने बताया, नागरकोइल-शालीमार एक्सप्रेस और दो ईएमयू लोकल ट्रेनों के एकसाथ आ गई। थोड़ी ही देर में शालीमार-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस और संतरागाछी-चेन्नै एक्सप्रेस भी आने वाली थीं। प्लैटफॉर्म दो और तीन के बीच बने फुट ओवरब्रिज पर भीड़ बढ़ गई और यह हादसा हुआ। घटना के बाद रेलवे की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। खड़गपुर के लिए 032221072 और संतरागाछी के लिए 03326295561 पर फोन करके मदद मांगी जा सकती है।

## बेंगलुरु में खुला देश का पहला बिटकॉइन एटीएम सीज, संचालक गिरफ्तार

बेंगलुरु (आरएनएस)। बेंगलुरु में पिछले दिनों देश के पहले बिटकॉइन एटीएम के खुलने को लेकर खासी चर्चा हुई थी। अब इस मामले में पुलिस ने एटीएम संचालक को गिरफ्तार कर लिया है और एटीएम मशीन को सीज कर दिया है। पुलिस ने इसे अवैध बताते हुए, कहा है कि बिना किसी इजाजत इस एटीएम किऑस्क की स्थापना की गई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 7 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बेंगलुरु के पुराने एयरपोर्ट रोड स्थित एक मॉल में हरिश बीवी नामक शख्स इस एटीएम किऑस्क का संचालन कर रहा था। हरिश यूनोकॉइन टेक्नॉलजीस के को-फाउंडर भी है। क्राइम ब्रांच ने यहां से 1.8 लाख नकदी, एक



टेलर मशीन, दो लैपटॉप, एक मोबाइल, तीन क्रेडिट कार्ड, 5 डेबिट कार्ड, एक पासपोर्ट समेत कई सामान जब्त किए हैं। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि वे बिटकॉइन के चक्कर में इनके झांसे में न आएं।

बता दें कि फरवरी में वित्त मंत्रालय के बैन के बाद देश में बिटकॉइन का भविष्य लगभग खत्म हो गया है।

वित्त मंत्रालय ने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को बिटकॉइन नेटवर्क से दूरी बनाए रखने का आदेश दिया था। हालांकि अगर किसी का विदेश में कोई अकाउंट हो या वहां कोई ऐसा रिलेटिव हो जो उनके स्थान पर ट्रांजैक्शन कर सकता हो, तो वे अब भी बिटकॉइन करंसी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कंपनी के फाउंडर ने किया बचाव**

उधर, माना जा रहा है कि अपने यूजर्स की इस समस्या का हल निकालने के लिए ही क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज यूनोकॉइन ने इसका रास्ता खोजा था एटीएम किऑस्क की बेंगलुरु में स्थापना की थी। पर, अब पुलिस ने इसे अवैध बताते हुए संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि कंपनी के फाउंडर और सीईओ सात्विक विश्वनाथ ने अपनी कंपनी के बिजनस मॉडल का बचाव किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तूफान माइकल से मरने वालों की संख्या 39 पहुंची

मियामी (आरएनएस)। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में तूफान माइकल से मरने वालों की संख्या 29 हो गई है। जबकि समूचे अमेरिका भर में तूफान से मरने वाले लोगों का आंकड़ा 39 है। फ्लोरिडा आपदा प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता अल्बर्टे मोस्कोसो ने मंगलवार को एफे को बताया कि जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलिना और वर्जीनिया में 10 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है।

### तालिबान ने गजनी से 125 शिक्षकों-शिक्षाकर्मियों का किया अपहरण

गजनी (आरएनएस)। अफगानिस्तान में गजनी के गिरू जिले में अध्यापकों की आय का कुछ हिस्सा नहीं मिलने पर तालिबान ने शिक्षा विभाग के 125 शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों का अपहरण कर लिया।अफगानिस्तान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पूर्व प्रांतीय परिषद के सदस्य नादर खान गिरुवाल ने बताया कि तालिबान ने जिले के शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों का अपहरण कर लिया है। उन्होंने कहा, तालिबान ने कई बार शिक्षकों से कहा था कि वे बैंक के माध्यम से अपना वेतन न लें और स्कूल में कैशियर से प्रत्यक्ष रूप से अपना वेतन लें जिससे कि तालिबान को भी अपना हिस्सा मिल सके, लेकिन शिक्षकों ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की और उनका अपहरण कर लिया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने पांच भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

पुडुकोट्टाई (आरएनएस)। श्रीलंकाई नौसेना ने देश के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र का उल्लंघन करने और अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में पांच भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया तथा उनकी मछली पकड़ने की नौका को जब्त कर लिया।

### पाकिस्तान ने 16 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तानी अधिकारियों ने मंगलवार को देश की समुद्री सीमा के कथित उल्लंघन के आरोप में 16 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (एमएसए) ने कहा कि समुद्र में एक अभियान के दौरान मछुआरों को हिरासत में लिया गया और उनकी तीन नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया है।

### शहीद के अंतिम संस्कार से कुछ घंटे पहले पत्नी ने बच्ची को जन्म दिया

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में शहीद लांस नायक रणजीत सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ले जाया गया. मंगलवार को पैतृक गांव में शहीद के अंतिम संस्कार से कुछ घंटे पहले उनकी पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया. यह दंपति की पहली संतान है जो करीब 10 साल इंतजार के बाद हुई. लांस नायक सिंह जम्मू कश्मीर लाइट इंफेंट्री के उन तीन जवानों में एक थे जो रविवार को राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गये थे.


### ऑनलाइन खरीदें ट्रेन की जनरल टिकट

**एक नवंबर से शुरू होगी योजना**

नईदिल्ली (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन पर लंबी कतारों में लगकर टिकट खरीदने के लिए प्रतीक्षा करना अब बीते समय की बात होगी. एक नवम्बर से रेलवे पूरे देश में यूटीएस मोबाइल एप्प की शुरुआत कर रहा है जहां अनारक्षित टिकटों को ऑनलाइन खरीदा जा सकता है. यह योजना चार वर्ष पहले शुरू हुई लेकिन मुम्बई को छोड़कर अन्य स्थानों पर यह सफल नहीं हुई.

## फेसबुक पर पोस्ट की फटे झंडे की तस्वीर, नौकरी गई

सिंगापुर (आरएनएस)। सिंगापुर में एक भारतीय को फेसबुक पर देश के फटे हुए झंडे की तस्वीर पोस्ट करने के लिए पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी है। 14 अगस्त को हुई इस घटना को लेकर सिंगापुर के



डीबीएस बैंक में काम करने वाले 44 वर्षीय अविजीत दास पटनायक की नौकरी चली गई। आपको बता दें कि पटनायक ने 'सिंगापुर इंडियंस ऐंड एक्सपैट्स' नामक समूह के फेसबुक पेज पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें एक टी-शर्ट पर सिंगापुर के झंडे को फटा हुआ दिखाया गया ताकि उसके नीचे भारतीय झंडा दिख सके। पुलिस के हवाले से चैनल न्यूज एशिया ने कहा, 'जांच के बाद अटर्नी जनरल के चैंबर्स के साथ परामर्श पर पुलिस ने उन्हें कड़ी चेतावनी जारी की है।' पुलिस ने बताया कि सिंगापुर आर्म्स ऐंड फ्लैग एंड नेशनल एंथम रूल्स के अंतर्गत भारतीय से पूछताछ की गई है।

## मोदी को सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए साल 2018 के सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी देते हुये बताया कि मोदी ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुने जाने के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं कोरिया गणराज्य के साथ भारत के गहरे संबंधों के प्रकाश में इसे स्वीकार कर लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट करके कहा, ''विश्व ने अंगीकार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोदीनॉमिक्स' के माध्यम से भारत एवं विश्व में उच्च आर्थिक वृद्धि, भारत में



मानव विकास सुधार और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान के लिए साल 2018 का प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार दिया जाएगा।'' मंत्रालय ने कहा कि सियोल पीस प्राइज फाउंडेशन की ओर से मोदी को यह सम्मान आपसी सहमति से आगामी तारीखों में प्रदान किया जायेगा।

गौरतलब है कि 1990 में स्थापित हुये सियोल शांति पुरस्कार को, सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित हुये 24वें ओलंपिक की याद में दिया जाता है। ये पुरस्कार कोरियाई लोगों की, कोरियाई प्रायद्वीप और शेष विश्व में शांति बनाए रखने की मनोकांक्षा को प्रतिबिंबित करता है।

पुरस्कार समिति ने प्रधानमंत्री के धनाढ्य एवं गरीबों के मध्य सामाजिक और आर्थिक विषमता को कम करने के लिए 'मोदीनॉमिक्स' को श्रेय देते हुये भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि में उनके योगदान की पहचान की है।


पुरस्कार समिति ने भ्रष्टाचार विरोधी कदमों और विमुद्रीकरण के उपायों के माध्यम से सरकार को साफ सुथरा बनाने की दिशा में मोदी की पहलों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की है।

## आतंकियों से नरमी पर अमेरिका ने पाकिस्तान को फिर चेताया



वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने एक बार फिर आतंकियों के साथ नरमी बरतने को लेकर पाकिस्तान को आगाह किया है। यूएस के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि पाकिस्तान से साफ शब्दों में कहा गया है कि वह अफगानिस्तान में आतंकियों पर लगाम लगाए। अमेरिका का कहना है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान और भारत को निशाना बनाने के लिए अब भी आतंकवादियों से संबंध रख रहा है। पोम्पियो ने मंगलवार को कहा कि वह अफगानिस्तान में लंबे समय बाद हुए संसदीय चुनाव का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में इस चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर हुई समस्याओं के बाद भी मतदाताओं की संख्या को देखकर अमेरिका उत्साहित है। विदेश मंत्री से जब चुनाव में पाकिस्तान की भूमिका के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारी आशा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को अपनी पश्चिमी सीमा पर सुरक्षित ठिकाने मुहैया नहीं कराएगा।

## योगी आदित्यनाथ ने कहा, छत्तीसगढ़ से भावनात्मक लगाव



राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद तीन साल का डरावना कार्यकाल और उसके बाद डा. रमन सिंह के नेतृत्व में विकास का जो चक्र छत्तीसगढ़ में चला है, उसे रुकने नहीं देना है। समाज के हर तबके के लिए और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक शासन की जो जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंची है, और बीमारू राज्य की श्रेणी से विकसित राज्य की श्रेणी तक छत्तीसगढ़ तक जो सफर जारी है, इसे थमने नहीं देना है।

उक्त बातें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजनांदगांव के म्यूनिसिपल स्कूल ग्राउंड में आयोजित एक आमसभा को संबोधित करे हुए कही। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई ऊंचाईयों को छूआ है। छत्तीसगढ़ ने जिस तेजी से विकास का एक नया आयाम लिखा है, वह काबिले तारीफ है। छत्तीसगढ़ में विकास की जो योजनाएं चल रही है, यह किसी भी कीमत पर रूकनी नहीं चाहिए।

**यूपी श्रीराम की जन्मस्थली छग ननिहाल :**

योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन की शुरूआत में कहा कि उत्तरप्रदेश भगवान श्रीराम का जन्मस्थल है और छत्तीसगढ़ ननिहाल। इस लिहाज से आम लोगों की तरह उनका भी छत्तीसगढ़ से भावनात्मक लगाव रहा है। वे पहले भी छत्तीसगढ़ आते रहे हैं, तब के छत्तीसगढ़ में और अब के छत्तीसगढ़ में आए बदलाव को उन्होंने चमत्कार की संज्ञा देते हुए कहा कि पूर्व में छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य कहा जाता था। उस समय वे सांसद थे और डा. रमन सिंह केन्द्र में मंत्री थे। एनडीए की सरकार बनने के बाद जब स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड और उत्तराखंड का निर्माण किया तब मंशा थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों की मंशानुरूप विकास हो।

## पिछले चार महीने में आतंकवाद में आई कमी

श्रीनगर (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को जम्मू-कश्मीर के एकदिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे। इस दौरे पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों पर टिप्पणी करते हुए, राजनाथ ने कहा कि चुनावों के दौरान हिंसा की कोई घटना नहीं हुई।

राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर बात करते हुए गृहमंत्री राजनाथ ने कहा, जहां तक जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा

**श्रीनगर में बोले गृहमंत्री राजनाथ सिंह**

व्यवस्था का सवाल है, पिछले चार महीनों में काफी बदलाव हुआ है। पत्थरबाजी की घटनाओं में काफी कमी आई है। मुझे इस बात की भी सूचना मिली है कि राज्य में आतंकियों की भर्ती में भी काफी गिरावट आई है।

उन्होंने आगे कहा, राज्य और केंद्र सरकार मिलकर जम्मू, कश्मीर और लद्दाख इलाकों के विकास के लिए काम कर रही है। हमारा उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को एक विकसित राज्य बनाना है। राज्य में नगरी निकाय चुनावों के दौरान हिंसा की घटनाएं बहुत कम हुई हैं। आज आगामी पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा हुई है।

इससे पहले दिल्ली से श्रीनगर के लिए रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके बताया, मैं एक दिवसीय यात्रा पर श्रीनगर के लिए रवाना हो रहा हूं। अपने इस दौरे पर मैं वहां सुरक्षा की स्थितियों और तमाम अभियानों की समीक्षा करूंगा।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकियों के शव मिले

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम के सूथू में आतंकी और सुरक्षा बलों के बीच चल रही मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए। दोनों आतंकियों के शव



बरामद कर लिए गए हैं। इससे पहले बुधवार सुबह ही दोनों तरफ से फायरिंग शुरू हुई थी जिसके बाद इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान स्थानीय लोगों की भी पुलिस और सेना के जवानों के साथ झड़प हो गई।स्थानीय लोगों जमकर पत्थरबाजी कर रहे हैं। बता दें कि एक दिन पहले ही श्रीनगर में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के एकदिवसीय दौरे पर आए थे। बता दें कि मंगलवार को होम मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने कहा, हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

## सरकार ने सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा और विशेष निदेशक राकेश अस्थाना को छुट्टी पर भेजा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। विवादों में उलझे सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा और विशेष निदेशक राकेश अस्थाना को सरकार ने छुट्टी पर भेज दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की इस शीर्ष जांच एजेंसी के इतिहास में यह पहला ऐसा मामला है। एक सरकारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली नियुक्ति समिति ने मंगलवार की रात संयुक्त निदेशक एम नागेश्वर राव को तत्काल प्रभाव से सीबीआई निदेशक के पद का प्रभार दिया। इस आदेश का मतलब यह है कि सरकार ने सीबीआई के पदानुक्रम में संयुक्त निदेशक से वरिष्ठ स्तर यानी अतिरिक्त निदेशक रैंक के तीन अधिकारियों को दरकिनार कर नागेश्वर राव को एजेंसी के निदेशक का प्रभार दिया। जिन तीन अतिरिक्त निदेशकों को दरकिनार किया गया है उनमें ए के शर्मा भी शामिल हैं।



## यात्रा के दौरान गर्भवती महिला ने बच्चे को दिया जन्म

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह इंडोनेशिया जा रहे एक विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। अबू धाबी से जकार्ता के लिए उड़ान भरे एतिहाद एयरवेज के विमान में एक गर्भवती महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद, विमान को मुंबई डायवर्ट किया गया। इसके बाद यहां विमान की लैंडिंग कराकर उसे और नवजात बच्चे को तत्काल स्थानीय अस्पताल में शिफ्ट कराया गया।

बताया जा रहा है कि गर्भवती महिला को फ्लाइट में यात्रा के दौरान ही प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। इसके बाद विमान के केबिन क्रू और अन्य महिला यात्रियों की मदद से उसकी डिलिवरी कराई गई।